# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

## विज्ञापन संख्या– 03/2017
## इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2017

1. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत अमीन एवं राजस्व कर्मचारी, योजना–सह–वित्त विभाग (योजना प्रभाग) अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के अधीन कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक तथा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के अधीन गणक की संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में दिनांक 22.06.2017 से 04.08.2017 तक इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2017 के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अर्हता अनुसार पद की विहित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते हैं। ऑन–लाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर लॉग–इन (login) करके समर्पित किया जा सकता है।

**2. रिक्तियों का विवरण :**

**(i) अमीन**

| पदों की संख्या | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र॰ सं॰ | जिला | आरक्षण कोटि | | | | | कुल रिक्ति के अधीन क्षैतिज आरक्षण | | | | |
| | | अना–रक्षित | अ॰जा॰ | अ॰ज॰जा॰ | पि॰व॰ (अनु॰–II) | अ॰पि॰व॰ (अनु॰–I) | कुल रिक्ति | महिला | दृष्टि निःशक्तता | मूक बाधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता |
| 1. | राँची | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 2. | गुमला | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 3. | खूंटी | 03 | 00 | 02 | 00 | 00 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 4. | सिमडेगा | 03 | 01 | 01 | 00 | 00 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 5. | लोहरदगा | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 6. | गिरीडीह | 05 | 01 | 02 | 00 | 01 | 09 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 7. | बोकारो | 03 | 00 | 00 | 01 | 01 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 8. | रामगढ़ | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 9. | हजारीबाग | 05 | 01 | 00 | 02 | 02 | 10 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 10. | चतरा | 04 | 01 | 01 | 01 | 01 | 08 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 11. | धनबाद | 05 | 01 | 01 | 01 | 01 | 09 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 12. | कोडरमा | 03 | 01 | 00 | 00 | 01 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 13. | दुमका | 05 | 00 | 01 | 00 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 14. | देवघर | 05 | 00 | 00 | 00 | 01 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 15. | पाकुड़ | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 16. | गोड्डा | 02 | 00 | 01 | 00 | 01 | 04 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 17. | जामताड़ा | 05 | 01 | 02 | 00 | 01 | 09 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 18. | साहेबगंज | 03 | 00 | 02 | 00 | 01 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 19. | पलामू | 09 | 02 | 02 | 00 | 02 | 15 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 20. | लातेहार | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | 04 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 21. | गढ़वा | 07 | 03 | 02 | 01 | 01 | 14 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 22. | पश्चिमी सिंहभूम | 08 | 01 | 07 | 00 | 00 | 16 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 23. | पूर्वी सिंहभूम | 07 | 00 | 02 | 01 | 00 | 10 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 24. | सरायकेला | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| **कुल योग** | | **96** | **13** | **39** | **7** | **14** | **169** | **00** | **00** | **00** | **00** |

## (ii) राजस्व कर्मचारी

| क्र॰ सं॰ | जिला | आरक्षण कोटि | | | | | कुल रिक्ति के अधीन क्षैतिज आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **पदों की संख्या** | | | | | | | | | |
| | | अनारक्षित | अ॰जा॰ | अ॰ज॰जा॰ | पि॰व॰ (अनु॰–II) | अ॰पि॰व॰ (अनु॰–I) | कुल रिक्ति | महिला | दृष्टि निःशक्तता | मूक बाधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता |
| 1. | राँची | 11 | 01 | 08 | 01 | 01 | 22 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 2. | गुमला | 10 | 01 | 09 | 00 | 00 | 20 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 3. | खूंटी | 05 | 00 | 05 | 00 | 00 | 10 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 4. | सिमडेगा | 09 | 01 | 07 | 00 | 00 | 17 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 5. | लोहरदगा | 10 | 00 | 10 | 00 | 00 | 20 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 6. | गिरीडीह | 17 | 04 | 05 | 04 | 03 | 33 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| 7. | बोकारो | 05 | 01 | 01 | 01 | 01 | 09 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 8. | रामगढ़ | 04 | 00 | 02 | 00 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 9. | हजारीबाग | 24 | 12 | 02 | 05 | 05 | 48 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| 10. | चतरा | 12 | 04 | 01 | 02 | 04 | 23 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 11. | धनबाद | 11 | 00 | 03 | 00 | 02 | 16 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 12. | कोडरमा | 09 | 02 | 02 | 02 | 02 | 17 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 13. | दुमका | 11 | 01 | 01 | 00 | 00 | 13 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 14. | देवघर | 05 | 01 | 01 | 00 | 01 | 08 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 15. | पाकुड़ | 04 | 00 | 03 | 01 | 00 | 08 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 16. | गोड्डा | 08 | 02 | 03 | 01 | 02 | 16 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 17. | जामताड़ा | 04 | 00 | 04 | 00 | 00 | 08 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 18. | साहेबगंज | 03 | 03 | 00 | 00 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 19. | पलामू | 26 | 14 | 04 | 03 | 05 | 52 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| 20. | लातेहार | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 21. | गढ़वा | 31 | 14 | 06 | 01 | 06 | 58 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| 22. | पश्चिमी सिंहभूम | 31 | 03 | 24 | 00 | 00 | 58 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| 23. | पूर्वी सिंहभूम | 25 | 00 | 06 | 05 | 06 | 42 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| 24. | सरायकेला | 25 | 04 | 13 | 02 | 01 | 45 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| कुल योग | | **301** | **68** | **121** | **28** | **39** | **557** | **17** | **07** | **00** | **00** |

## (iii) कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक (अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय) के तहत राज्य स्तरीय सांख्यिकी सम्वर्ग

| क्र॰ सं॰ | आरक्षण कोटि | | | | | कुल रिक्ति के अधीन क्षैतिज आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अ॰जा॰ | अ॰ज॰जा॰ | पि॰व॰ (अनु॰–II) | अ॰पि॰व॰ (अनु॰–I) | कुल रिक्ति | महिला | दृष्टि निःशक्तता | मूक बाधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता |
| 1. | 08 | 02 | 05 | 00 | 01 | 16 | 01 | 01 | 00 | 00 |

## (iv) राज्य स्तरीय पशुपालन सांख्यिकी सम्वर्ग के अधीन गणक

| क्र॰ सं॰ | आरक्षण कोटि | | | | | कुल रिक्ति के अधीन क्षैतिज आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अ॰जा॰ | अ॰ज॰जा॰ | पि॰व॰ (अनु॰–II) | अ॰पि॰व॰ (अनु॰–I) | कुल रिक्ति | महिला | दृष्टि निःशक्तता | मूक बाधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता |
| 1. | 12 | 02 | 06 | 01 | 02 | 23 | 01 | 01 | 00 | 00 |

**नोट** : कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक के पद के सन्दर्भ में विवरणिका की कंडिका–2(iii) में अंकित रिक्ति पूर्णतः औपबंधिक है, जिसे सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में कभी भी संशोधित किया जा सकता है।

## 3. पदों के लिए विकल्पः–

**अहर्त्ता प्राप्त** आवेदक **एक से अधिक** पदों का विकल्प अपनी इच्छानुसार अधिमानता क्रम में दे सकते हैं, परन्तु अधिसूचित जिलों (यथा विवरणिका की कंडिका 3 (ii) में अंकित) की संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध उसी जिले के स्थानीय निवासी ही आवेदन देने के पात्र होंगे।

विकल्प दो खण्डो में होगा। प्रथम विकल्प पदों के लिए तथा द्वितीय विकल्प जिलों के लिए (जहाँ लागू हो) होगा। अमीन एवं राजस्व कर्मचारी के पद जिला स्तरीय पद हैं, जिसमें अभ्यर्थी एक से अधिक जिले के लिए आवेदन दे सकते हैं। कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक एवं गणक के पद का राज्य स्तरीय पद होने के कारण इसके लिए जिले का विकल्प नहीं रहेगा। इस आशय की सुविधा ऑन–लाईन आवेदन भरने के क्रम में उपलब्ध रहेगी। विकल्प के विस्तृत प्रावधान विवरणिका में अंकित हैं।

**4.1** कंडिका–2 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं॰ | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | **अमीन** | रू॰ 21700–50000 | इंटरमीडिएट /(10+2) परीक्षा उत्तीर्ण तथा औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान से सर्वेयर का प्रमाण पत्र/ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त अमानत (अमीन) के एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स का प्रमाण पत्र। |
| 2. | **राजस्व कर्मचारी** | रू॰ 21700–50000 | इंटरमीडिएट /(10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 3. | **कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक** | रू॰ 21700–50000 | इंटरमीडिएट /(10+2) परीक्षा गणित विषय के साथ उत्तीर्ण। |
| 4. | **गणक** | रू॰ 21700–50000 | इंटरमीडिएट /(10+2) परीक्षा गणित अथवा अर्थशास्त्र विषय के साथ उत्तीर्ण। |

**4.2** अमीन की रिक्ति के विरूद्ध अनुशंसा से पूर्व सम्बन्धित अभ्यर्थियों का राजेन्द्र आर्युविज्ञान संस्थान (रिम्स) के द्वारा गठित प्रपत्र में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायगा। एक आँख से दृष्टिहीन तथा कलर ब्लाईन्ड अभ्यर्थी अमीन के पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

**4.3** **शैक्षणिक योग्यता के निर्धारण के लिए Online आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि (Reference Date) माना जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी इस तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नहीं धारित करते हैं तो वे अयोग्य समझे जायेंगे।**

**5. आयु सीमाः–**

**5.1** विवरणिका की कंडिका–2 में अंकित पदों के लिए उम्र की गणना निम्नलिखित संदर्भ तिथियों के आधार पर की जायेगीः–

| **क्र० सं०** | **पद का नाम** | **संदर्भ तिथि** |
|---|---|---|
| 1. | **अमीन** | 01.08.2015 |
| 2. | **राजस्व कर्मचारी** | 01.08.2015 |
| 3. | **कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक** | 01.08.2017 |
| 4. | **गणक** | 01.08.2017 |

**5.2 न्यूनतम उम्र :– 18 वर्ष।**

**5.3 अधिकतम उम्र :–** *(कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या 609 दिनांक 25.01.2016 द्वारा यथा निर्धारित)*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अनारक्षित | – | 35 वर्ष। |
| (ख) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 (पुरूष) | – | 37 वर्ष। |
| (ग) | अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला) | – | 40 वर्ष। |
| (घ) | झारखण्ड राज्य की स्थानीय निवासी महिला (अनारक्षित–झारखण्ड की स्थानीय निवासी), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 | – | 38 वर्ष। |

**5.4 अधिकतम उम्र सीमा में छूटः**

(i) सभी कोटि के निःशक्त अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जायेगी। निःशक्तता सम्बन्धी प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा गठित सक्षम चिकित्सा पर्षद से विहित प्रपत्र में निर्गत होना चाहिए। सभी श्रेणियों में निःशक्ततों का दावा तभी मान्य होग जब निःशक्तता कम से कम 40% (चालीस प्रतिशत) अथवा उससे अधिक हो।

(ii) **भूतपूर्व सैनिकों को अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जायेगी। भूतपूर्व सैनिक होने से संबंधित प्रमाण पत्र यथा समय आयोग द्वारा माँग की जायेगी जिसे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

(iii) झारखण्ड सरकार के अधीन पाँच वर्ष या उससे अधिक सक्रिय सेवा में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी/उजरत भोगी अमीनों को अमीन के पद पर नियुक्ति के सन्दर्भ में अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्षों की छूट दी जाएगी। आयु सीमा की यह छूट अमीन के पद पर नियुक्ति तक ही सीमित रहेगी।

## 6. आरक्षण :

(I) आवेदन में नियत प्रविष्टि के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

(II) आरक्षण का लाभ एवं उम्र सीमा में छूट केवल झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी को ही देय *होगी*। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी को छोड़कर अन्य सभी अभ्यर्थी सामान्य/अनारक्षित श्रेणी के माने जायेंगे।

(III) विवरणिका में यथा ईंगित अनुसूचित जन जाति के लिए विज्ञापित पदों की संख्या में 2 (दो) प्रतिशत पद आदिम जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य होंगे। आदिम जन जाति के योग्य उम्मीदवारों के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उक्त पद अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाएगें।

(IV) जाति प्रमाण पत्र का मानक प्रपत्र परिशिष्ट - I के रूप में विवरणिका में संलग्न है।

7. **स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र** :– झारखण्ड राज्य के महिला स्थानीय निवासियों के द्वारा क्षैतिज आरक्षण के दावे के समर्थन में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्र सं०–4650, दिनांक 02.06.2016 द्वारा विहित प्रपत्र में अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से दिनांक–02.06.2016 अथवा इसके उपरांत जारी स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र आयोग द्वारा प्रमाण पत्रों की जाँच के अवसर पर समर्पित करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्र की प्रविष्टि आवेदन पत्र में संबंधित आवेदकों द्वारा की जायेगी। प्रमाण पत्र का मानक प्रारूप परिशिष्ट - III के रूप में विवरणिका में संलग्न है।

8. **परीक्षा का स्वरूप :** परीक्षा का स्परूप विवरणिका में अंकित है।

9. **परीक्षा शुल्क :**

परीक्षा शुल्क रू॰ 460/– (रूपये चार सौ साठ) है।

**परीक्षा शुल्क में छूट**:– झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 115/– (रूपये एक सौ पन्द्रह) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में अपेक्षित राशि का भुगतान भी करना होगा।

10. **आवेदन पत्र को भरना एवं उसे समर्पित करना** :–

10.1 अभ्यर्थी आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर जाएँ एवं Online Application for **ISCCE-2017** पर Click करें तथा आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र भरने के क्रम में नियुक्ति हेतु पद का विकल्प अपने कौशल योग्यतानुसार देना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र का लिंक दिनांक **22.06.2017** के 11.00 बजे पूर्वाह्न से उपलब्ध होगा तथा आवेदन को भेजने (Submit) करने की अन्तिम तिथि दिनांक **26.07.2017** के मध्य रात्रि तक है।

10.2 अभ्यर्थी प्रथमतः अपना प्रारंभिक रजिस्ट्रेशन के साथ प्रारंभिक विवरण भरेंगे। इसके तहत प्रारंभिक विवरण भरते हुए आवेदन समर्पित करने का लिंक दिनांक 26.07.2017 की मध्य रात्रि तक उपलब्ध रहेगा। इस तिथि के बाद अभ्यर्थी अपना परीक्षा शुल्क का भुगतान का विवरण दर्ज करते हुए अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करेंगे। परीक्षा शुल्क का भुगतान 31.07.2017 तक किया जा सकता है तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 04.08.2017 होगी। **आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थी विज्ञापन एवं विवरणिका को डाउनलोड कर लें तथा विवरणिका की शर्तों के अनुसार आवेदन पत्र में सूचना अंकित करें।**

10.3 परीक्षा शुल्क भुगतान करने तथा भरे गये आवेदन के विरूद्ध **Re-login कर भुगतान का विवरण ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्ज करने के लिए तथा अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र समर्पित करने के लिए लिंक दिनांक 04.08.2017 की मध्य रात्रि तक उपलब्ध रहेगा। आवेदन पत्र को Submit करने के बाद भरे गये आवेदन पत्र का प्रिंट लिया जा सकता है। इस स्तर पर ही आवेदन की प्रक्रिया सम्पूर्ण होती है।**

11. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन भरने के पूर्व आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर उपलब्ध इस परीक्षा की विवरणिका को अवश्य देख लें।

ह0/-
परीक्षा नियंत्रक।